संख्या-3/2017/1041/86-2017-132/2016टीसी-1

प्रेषक,

राज प्रताप सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

भूतत्व एवं खनिकर्म लखनऊ दिनांक 22 मई, 2017

विषय :-उ०प्र० जिला खनिज फाण्डेशन न्यास का गठन एवं अंश संचालन किये जाने जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अधिसूचना संख्या-489/86-2017-132/2016 दिनांक 25 अप्रैल, 2017 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में जिला खनिज फाण्डेशन न्यास का गठन किया गया है एवं न्यास की संरचना और उनके कृत्यों के विनियमन हेतु अधिसूचना संख्या-866/86-2017-132/2016 दिनांक 15 मई, 2017 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा उ०प्र० जिला खनिज फाण्डेशन न्यास, नियमावली, 2017 निर्गत की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त नियमावली के अनुसार अपने जनपद में जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास का शीघ्र गठन कर इसकी 'शासी परिषद' एवं 'प्रबन्ध समिति' की बैठक दिनांक 30 जून, 2017 के पूर्व आयोजित कराते हुये नियमावली, के नियम-10 के अन्तर्गत न्यास निधि में अंशदान प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया उक्तानुसार न्यास के गठन की सूचना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को विलम्बतम दिनांक 07 जुलाई, 2017 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
राज प्रताप सिंह
अपर मुख्य सचिव।

संख्या : 3/2017/1041(1) तद्दिनांक

प्रतिलिपि निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म को इस निदेश के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त जनपदों से आख्या प्राप्त कर समेकित सूचना शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(आत्मा राम)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in